खंड (ख) – व्यावहारिक व्याकरण

1 पदबंध

पदबंध– जब एक से अधिक पद मिलकर एक व्याकरणिक इकाई का काम करते हैं, तब उस बँधी हुई इकाई को 'पदबंध' कहते हैं; जैसे– वह **दौड़ते-दौड़ते** थक गया। यहाँ 'दौड़ते-दौड़ते' पदबंध है।

पदबंध के भेद

- संज्ञा पदबंध
- सर्वनाम पदबंध
- विशेषण पदबंध
- क्रिया पदबंध
- क्रियाविशेषण (अव्यय) पदबंध

1. **संज्ञा पदबंध–** वाक्य में संज्ञा पदों की जगह प्रयुक्त होने वाला पदबंध 'संज्ञा पदबंध' कहलाता है।

उदाहरण–

(*i*) **सामने के मकान में रहने वाला युवक** आज मुंबई चला गया।

(*ii*) **जापान से आए हुए लोग** जयपुर देखने गए हैं।

(*iii*) **देश के लिए मर मिटने वाला व्यक्ति** सच्चा देशभक्त होता है।

(*iv*) **परिश्रम करने वाले विद्यार्थी** उत्तीर्ण होते हैं।

(*v*) **हमारी हिंदी की अध्यापिका श्रीमती मोहिनी सिंघल** नेक दिल महिला हैं।

examguru
Prepare • Practice • Perform

2. **सर्वनाम पदबंध–** वाक्य में सर्वनाम पद का कार्य करने वाले पदबंध 'सर्वनाम पदबंध' कहलाते हैं।

उदाहरण–

(*i*) **शेर की तरह दहाड़ने वाले तुम** काँप क्यों रहे हो?

(*ii*) **मॉल के बाहर खड़ा मैं** तुम्हारा इंतज़ार करता रहा।

(*iii*) **आपके परिवार में से कोई** समय पर नहीं पहुँचा।

(*iv*) **सोच समझकर काम करने वाला वह** गलती दोबारा नहीं करेगा।

(*v*) **अधिक परिश्रम करने से वह** सफलता प्राप्त कर सका।

3. **विशेषण पदबंध–** जो पदबंध वाक्य में संज्ञा या सर्वनाम के विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं, उन्हें 'विशेषण पदबंध' कहते हैं।

उदाहरण–

(*i*) **प्रतिदिन व्यायाम करने वाले** व्यक्ति स्वस्थ रहते हैं।

(*ii*) तुम उसे **किताब का कीड़ा** कहते हो।

(*iii*) **बंगले के पीछे लगा** पेड़ गिर गया।

(*iv*) **प्यास का मारा** कौआ घड़े पर बैठ गया।

(*v*) मेरी सखी **बहुत नेक, सुशील व ईमानदार** है।

4. **क्रिया पदबंध–** वाक्य में एक से अधिक क्रिया पद मिलकर जहाँ क्रिया का कार्य संपन्न करते हैं, वहाँ 'क्रिया पदबंध' होता है।

उदाहरण–

(*i*) कश्ती पानी में **डूबती चली गई।**

(*ii*) मीरा गाते-गाते **नाचने लगी।**

(*iii*) पतंग हवा में **उड़ती चली गई।**

(*iv*) घोड़े मैदान में **हिनहिना रहे होंगे।**

(*v*) बच्चे **पढ़कर सो गए हैं।**

5. **क्रियाविशेषण (अव्यय) पदबंध–** क्रियाविशेषण की जगह प्रयुक्त होने वाला एकाधिक पदों का समूह 'क्रियाविशेषण (अव्यय) पदबंध' कहलाता है।

उदाहरण–

(*i*) रोहन **बहुत धीरे-धीरे** चलता है।

(*ii*) **गेंद की तरह लुढ़ककर** वह सीढ़ियों से नीचे गिरा।

(*iii*) वह **बिना पलक झपकाए ध्यानपूर्वक** नाटक देख रहा था।

(*iv*) सोनू **दाँत पीसता हुआ** आ रहा है।

(*v*) कछुआ **बहुत धीमी गति से** चलता है।

अभ्यास

examguru
Prepare • Practice • Perform

निम्नलिखित वाक्यों में मोटे छपे पदबंधों के भेद बताइए–

1. नरेश रोज़ मंदिर **जाता रहता है।**
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध
2. नैना **पढ़कर सो गई है।**
   (क) क्रिया पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध
   (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध
3. कोरोना महामारी के कारण **सरकार ने देशभर के गरीबों को** राशन की सुविधा प्रदान की है।
   (क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) इनमें से कोई नहीं
4. **बड़ी-बड़ी बातें करने वाले तुम** कभी सफल नहीं हो सकते।
   (क) सर्वनाम पदबंध (ख) क्रिया पदबंध
   (ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) विशेषण पदबंध
5. **बार-बार चली जाने वाली** बिजली ने सबको परेशान कर दिया।
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध
6. हमारे क्षेत्र में आजकल चोरी की घटनाएँ **बढ़ती जा रही हैं।**
   (क) क्रिया पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध
   (ग) विशेषण पदबंध (घ) इनमें से कोई नहीं
7. वह **पुरस्कार में मिली** पुस्तक लेकर आया।
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

8. **तताँरा की तलवार** एक विलक्षण रहस्य थी।

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

9. **प्रतिदिन की भाँति** वह काम पर चला गया।

(क) क्रिया पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

10. **भूरी आँखों वाली** लड़की सुंदर है।

(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) इनमें से कोई नहीं

11. वामीरो **द्वीप के दूसरी तरफ़** बढ़ा जा रहा था।

(क) विशेषण पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

12. **चुप रहने वाले तुम** बड़बड़ा क्यों रहे हो?

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

13. रेलगाड़ी से **ऊँघते हुए चेहरे** बाहर झाँके।

(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) संज्ञा पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

14. माही को प्यास **लग रही है**।

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

15. **गंदे कपड़ों वाला मज़दूर** चिल्लाने लगा।

(क) सर्वनाम पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

16. नदी **कल-कल करती हुई** बह रही है।

examguru
Prepare • Practice • Perform

(क) क्रिया पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध

(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

17. युवक भर्ती के लिए **दौड़े चले जा रहे हैं**।

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

18. **भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी** बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति हैं।

(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) संज्ञा पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

19. **बिना बताए तुम** क्यों चले गए?

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) इनमें से कोई नहीं

20. **बंगले के पीछे लगा** पेड़ गिर गया।

(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

उत्तर–

1. (ग)	2. (क)	3. (ख)	4. (क)	5. (ग)
6. (क)	7. (ख)	8. (क)	9. (ग)	10. (क)
11. (घ)	12. (ख)	13. (ग)	14. (घ)	15. (ख)
16. (ख)	17. (ग)	18. (ग)	19. (ख)	20. (क)

❑❑❑